<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 16-30 मई 2016 तक राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में स्वच्छ भारत पखवाड़ा का आयोजन ।</u>

नई दिल्ली, 27 मई 2016: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में स्वच्छ भारत पखवाड़ा और ''मिशन स्वच्छ भारत'' का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया । स्वच्छ भारत पखवाड़ा का आयोजन 16 से 30 मई 2016 तक किया जा रहा है ।

श्री एस.रहेजा, अध्यक्ष, भा वि प्रा, ने निगमित मुख्यालय, आर. जी. भवन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाई । इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित कार्मिकों को उन्होंने कहा कि यदि हम प्रति सप्ताह 02 घंटे स्वच्छता कार्य के लिए समर्पित करें तो हम महात्मा गांधी के ''स्वच्छ भारत'' के स्वप्न को पूरा कर सकते हैं । अध्यक्ष महोदय ने कहा कि स्वच्छता अभियान हमारे जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए, यह केवल 01 दिन तक सीमित न रहे । बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्टाफ ने राजीव गांधी भवन सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में सफाई कार्य किया ।

पूरे देश में भा वि प्रा कार्यालयों तथा सभी हवाई अड्डों पर स्वच्छ भारत पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,

सं. 11/2016-17

श्री एस. रहेजा, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, स्वच्छ भारत पखवाड़ा के अंतर्गत निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली में स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए । चित्र में साथ में हैं, श्री एस. सुरेश, सदस्य (वित्त), श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.), तथा श्री ए. के. दत्ता, सदस्य (ए एन एस)।